**हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 01.07.2025**



जोन कार्यालय में कार्यरत अर्दली को विदाई देते एडीजी

# एडीजी ने दी अर्दली को विदाई

**बरेली।** एडीजी जोन कार्यालय में अर्दली राजू के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को जोन कार्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीजी रमित शर्मा ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जोन की विशेष कार्याधिकारी कल्याण (ओएसडी) संजू यादव, स्टॉफ ऑफिसर धर्मेन्द्र राय, सीओ (गोपनीय) मो. शुएब उपस्थित रहे।

# एडीजी जोन ने राजू अर्दली को दी भावुक विदाई, सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

जागेश्वर न्यूज नेटवर्क

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा जोन कार्यालय में कार्यरत राजू अर्दली के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीजी श्री



शर्मा ने राजू अर्दली को पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। राजू अर्दली लम्बे समय से जोन कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे और उनकी कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण भावना के लिए वे सभी के बीच विशेष रूप से प्रिय थे। विदाई समारोह के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने उन्हें एक आदर्श कर्मचारी बताते हुए उनके सेवाकाल की सराहना की और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस भावुक पल में कार्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। विशेष कार्यधिकारी कल्याण (ओएसडी) बरेली जोन संजू यादव, पुलिस उपाधीक्षक एवं स्टॉफ ऑफिसर धर्मेन्द्र कुमार राय, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) मो. शुएब सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राजू अर्दली के साथ बिताए गए पलों को याद किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान वातावरण भावनात्मक हो गया जब राजू अर्दली ने अपने अनुभव साझा किए और सहयोगियों के साथ बिताए समय के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने एडीजी सहित सभी अधिकारियों एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह विदाई समारोह न केवल एक कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने का अवसर था, बल्कि उसके समर्पित सेवा-काल की सराहना का प्रतीक भी रहा।

राष्ट्रीय सहारा जनपद बरेली दिनॉक 01.07.2025

# एडीजी ने आरक्षी को दी भावभीनी विदाई

**बरेली।** बरेली जोन कार्यालय में कार्यरत श्री राजू अर्दल के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एडीजी,बरेली जोन रमित शर्मा ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजू के समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विशेष कार्याधिकारी कल्याण (ओएसडी) संजू यादव, स्टॉफ ऑफिसर धर्मेन्द्र कुमार राय, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) मो. शुएब सहित कार्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# अर्दली के सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मानित




**बरेली, 30 जून (तरूणमित्र)।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा जोन कार्यालय में कार्यरत राजू अर्दली के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में विशेष कार्याधिकारी कल्याण (ओएसडी) बरेली जोन संजू यादव, पुलिस उपाधीक्षक/ स्टॉफ ऑफिसर बरेली जोन धर्मेन्द्र कुमार राय, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) बरेली जोन, मो. शुएब एवं कार्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# आईजीआरएस में प्रथम रहने पर एडीजी को मिली प्रदेश की कमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जन शिकायतों के निस्तारण में लंबे समय से बरेली जोन आ रहा प्रदेश में प्रथम

**अमृत विचार :** आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन लगातार प्रदेश में प्रथम आ रहा है। इसे देखते हुए शासन ने जोन के एडीजी रमित शर्मा को प्रदेश भर की आईजीआरएस प्रणाली की कमान सौंपी है।

बता दें कि जोन ने पिछले कई महीनों से आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री कार्यालय और गृह विभाग ने भी सराहना जताई थी। शासन ने एडीजी रमित शर्मा की कार्यशैली को उदाहरण मानते हुए यह अहम जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है।

एडीजी रमित शर्मा के नेतृत्व में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर समेत जोन के अन्य जिलों में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का न केवल शीघ्र निस्तारण किया गया, बल्कि प्रत्येक मामले में फील्ड स्तर पर प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई गई। इससे आम जनता का भरोसा पुलिस पर और मजबूत हुआ है। आईजीआरएस प्रणाली के महत्व को समझते हुए शासन की ओर से बरेली जोन में लागू की गई रणनीति और निगरानी मॉडल को अब प्रदेश के अन्य मंडलों में भी लागू किया जाएगा। एडीजी रमित शर्मा प्रदेश के सभी जोनों के आईजीआरएस आंकड़ों की समीक्षा करेंगे और जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि बरेली जोन की सफलता टीम वर्क और फील्ड अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी हम जनसुनवाई की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और जनहितकारी बनाएंगे।

## अब होगी समूचे प्रदेश की आईजीआरएस की निगरानी

# आईजीआरएस निस्तारण का सजा सेहरा एडीजी के माथे, अव्वल रहने पर मिली प्रदेश की कमान

### लंबे समय से शिकायतों के निस्तारण में बरेली ज़ोन का प्रदेश में दबदबा कायम

**वतन की धारा, आशू बेग संवाददाता बरेली।** जनशिकायतों के निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार की प्राथमिक योजना आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) पर मिलने वाली जन शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन लगातार प्रदेश में नंबर वन आ रहा है। जिसे देखते हुए शासन ने जोन के एडीजी रमित शर्मा को प्रदेश भर की आईजीआरएस प्रणाली की कमान सौंपी है। अब एडीजी रमित शर्मा पूरे उत्तर प्रदेश में शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। जोन ने बीते कई महीनों से आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रदर्शन पर मुख्य मंत्री कार्यालय और गृह विभाग ने भी सराहना जताई थी। शासन ने एडीजी रमित शर्मा की कार्यशैली को उदाहरणात्मक मानते हुए यह अहम जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। एडीजी रमित शर्मा के नेतृत्व में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर समेत जोन के अन्य जिलों में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का न



केवल शीघ्र निस्तारण किया गया, बल्कि प्रत्येक मामले में फील्ड स्तर पर प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई गई। इससे आम जनता का भरोसा पुलिस पर और मजबूत हुआ है।

बरेली जोन की

**जिम्मेदारी सम्मान की बात है लेकिन जोन की सफलता फील्ड अधिकारियों की मेहनत का नतीजा : रमित शर्मा**

यह उपलब्धि न केवल पुलिस की कार्य कुशलता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रशासनिक निगरानी, तकनीकी इस्तेमाल और संवेदन शीलता के साथ जनसुनवाई को कैसे प्रभावी बनाया जा सकता है। आईजीआरएस प्रणाली के महत्व को समझते हुए शासन ने बरेली जोन में लागू की गई रणनीति और निगरानी मॉडल को अब प्रदेश के अन्य मंडलों में भी लागू किया जाएगा। एडीजी रमित शर्मा प्रदेश के सभी जोनों के आईजीआरएस आंकड़ों की समीक्षा करेंगे और जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा बरेली जोन की सफलता टीम वर्क और फील्ड अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी हम जनसुनवाई की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और जनहितकारी बनाएंगे।